तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 नवंबर 2025

11 विवि की छात्राएं डिजिटल क्षेत्र में और ज्यादा निपुण होंगी



12 निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा



## खबर संक्षेप



### स्कूल में 401 बच्चों में से 124 की आंखें कमजोर

**सोनीपत।** लायंस क्लब द्वारा सिक्का कॉलोनी स्थित विजय हाई स्कूल में बच्चों के लिये आई स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 401 बच्चों की आंखों का टेस्ट किया गया तथा 124 बच्चों की आंखें कमजोर पाई गई। उन बच्चों को डॉक्टर के पास जाने की सलाह दी गई तथा जरूरतमंद बच्चों को चश्मा देने का लायंस क्लब द्वारा सहयोग देने का वादा किया गया। इस अवसर पर प्रधान रोजी लूथरा, अनिल लूथरा, अनिल सेठ, नीलम सेठ, राजेंद्र गोयल, आकाश गुप्ता, पुरषोत्तम शर्मा, डीके जैन, प्रोजेक्टर चेयरमैन सुभाष वशिष्ठ, प्रवीण रेलन उपस्थित रहे।

### स्कूल की छत से चोरी हुए 12 एसी कम्प्रेशर

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। गत 25 नवंबर की रात अज्ञात चोर स्कूल की छत पर रखे एसी के 12 आउटडोर को तोड़कर उनके कम्प्रेशर चोरी कर ले गए। स्कूल प्रशासन ने चोरी की शिकायत थाना बडी पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में प्रमोद कुमार बीएसटी कॉलोनी गन्नौर ने बताया कि वह स्कूल में एडमिन के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि सभी आउटडोर डायकन कंपनी के थे। चोर दीवार फांदकर उस स्थान पर पहुंचे और छत पर लगे आउटडोर से कम्प्रेशर निकालकर फरार हो गए।

### चौथी की छात्रा से किया गलत काम, केस

**गन्नौर।** गन्नौर थाना में पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि थाना गन्नौर क्षेत्र के एक स्कूल में कक्षा नौवीं के छात्र ने कक्षा चौथी की छात्रा के साथ गलत हरकत की। पीड़िता ने घर पहुंचकर पिता को पूरी घटना बताई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित छात्र के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस नाबालिग छात्र से पूछताछ कर रही है।

### बच्चों को बांटे जाएंगे जर्सी, जूते व जुराब

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला एवं चेयरमैन वाईके त्यागी ने बताया कि संस्था द्वारा सर्दियों के आगमन पर जरूरतमंद बच्चों के लिए विशेष सहायता अभियान भंडारा अब पढ़ाई के सामान का चलाया जा रहा है। संस्था की ओर से सोनीपत जिले के सरकारी स्कूलों एवं बधिर (जन्म से गूंगे–बहरे) बच्चों के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के जरूरतमंद बच्चों को जर्सी, जूते, जुराबें आदि वितरित की जाएगी। संस्था ने अपील की है कि जिले के सरकारी स्कूलों के हेड्स या जिम्मेदार लोग अपने स्कूल के जरूरतमंद 10 बच्चों की सूची अथवा संबंधित हेडमास्टर का संपर्क नंबर संस्था को भेजें।

### चबूतरे के जीर्णोद्धार पर सिसाना में यज्ञ 30 को

**खरखौदा।** सिसाना गांव में 30 नवंबर को दहिया खाप के चबूतरे पर हवन यज्ञ किया जाएगा व प्रसाद वितरित किया जाएगा। सरपंच जगबीर नंबरदार व सरपंच पति सुरेश ने संयुक्त रूप से बताया कि चबूतरे के शेड रूपी टीन और तालाब की तरफ दीवार की हालत खराब हो गई थी। खाप के पूर्व प्रधान सुभाष दहिया उर्फ को इस आशय की जानकारी मिली तो उन्होंने 7 लाख 51 हजार रुपए की लागत से चबूतरे का पूरा टीन शेड व दीवार बनवाकर खाप के प्रति आस्था का परिचय दिया।

## सरकार की नीतियों के विरोध में चिकित्सकों ने ओपीडी बंद रखी

**मरीजों की लंबी कतार लगी, धक्का मुक्की के बने हालात**

# नागरिक अस्पताल में दो घंटे की पैन डाउन हड़ताल से मरीजों में हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के नागरिक अस्पताल में वीरवार सुबह 9 बजे से 11 बजे के बीच चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह थम गई। सरकारी नीतियों के विरोध में ज्वाइंट एक्शन कमेटी और एचसीएमएसए के आह्वान पर चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने दो घंटे की पैन डाउन हड़ताल की। इस अचानक बंद के कारण अस्पताल में हाहाकार मच गया। जहां प्रतिदिन 1200 से अधिक मरीजों की ओपीडी होती है, वहीं हड़ताल के कारण सैंकड़ों जरूरतमंद मरीज चिकित्सा परामर्श के लिए भटकते रहे। दो घंटों तक काउंटर और ओपीडी कमरों के बाहर लगी लंबी कतारें अस्पताल प्रशासन की विफलता और मरीजों की मजबूरी की कहानी बयां करती रहीं।

यह हड़ताल चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों और लंबित मांगों को लेकर अपना रोष जताने के लिए बुलाई गई थी। चिकित्सकों ने अपने पेन नीचे रखकर काम पूरी तरह बंद कर दिया। इस विरोध प्रदर्शन के कारण अस्पताल के सभी चिकित्सा और प्रशासनिक कार्यों पर सीधा असर पड़ा। चिकित्सकों का कहना था कि वे मजबूर होकर यह कदम उठा रहे हैं क्योंकि सरकार उनकी जायज मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। सुबह 9 बजे से 11 बजे का यह समय अस्पताल के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है क्योंकि सुबह के समय ही ओपीडी में मरीजों की अधिकतम संख्या पहुंचती है।




सोनीपत। हड़ताल के दौरान अपनी मांगें बताते हुए चिकित्सक।

### 30 नवंबर को फिर बैठक करेंगे

हड़ताल में शामिल चिकित्सकों ने बताया कि एक्शन कमेटी एचसीएमएसए के आह्वान पर आज 27 नवंबर 2025 को राज्यभर के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी सेवाएं बंद रखकर दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल की गई। उनके अनुसार सरकार द्वारा 4 नवंबर 2025 की बैठक के मिनट्स में दर्शाए गए अनुसार फिर से डायरेक्ट एसएमओ भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जबकि एचसीएमएस लंबे समय से इसका विरोध करता रहा है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने भी इस भर्ती को रोकने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। पिछले वर्ष भी नियमों में संशोधन कर डायरेक्ट एसएमओ भर्ती रोकने का आश्वासन दिया गया था। देश के किसी भी राज्य में ऐसी भर्ती प्रणाली लागू नहीं है, इसके बावजूद प्रक्रिया दोबारा शुरू कर दी गई है। दूसरा मुद्दा संशोधित एसीपी संरचना का है, जिसे मुख्यमंत्री ने मंजूरी दे दी थी और अगस्त 2024 में वित्त विभाग से भी सहमति मिल चुकी है, पर एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद इसे अधिसूचित नहीं किया गया।

### मरीजों को 11 बजे के बाद मिल पाई राहत




11 बजे हड़ताल खत्म होते ही चिकित्सकों ने मरीजों को देखना शुरू किया। जैसे ही चिकित्सकों की हड़ताल की तय सीमा समाप्त हुई, मरीजों की भारी भीड़ एक साथ अंदर जाने लगी, जिसे नियंत्रित करने में सुरक्षाकर्मियों को एक बार फिर से मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि 11 बजे के बाद सेवाएं बहाल हो गईं, लेकिन सुबह से लगी लंबी कतारों के कारण ओपीडी सेवाएं सामान्य होने और सभी मरीजों को परामर्श मिलने में दोपहर तक का समय लग गया।

### 1200 की ओपीडी, बेकाबू दिखी भीड़



नागरिक अस्पताल की सामान्य ओपीडी रोजाना तकरीन 1200 से अधिक रहती है, यानी हर घंटे सैंकड़ों मरीज चिकित्सा परामर्श के लिए पहुंचते हैं। हड़ताल के इन दो घंटों में अस्पताल का नजारा पूरी तरह अव्यवस्थित हो गया। दवा वितरण काउंटर हो या पर्ची कटवाने का क्षेत्र, हर जगह मरीजों और उनके तामीरदारों की लंबी कतारें लगी रहीं। ओपीडी में चिकित्सकों के कमरों के बाहर तो मरीजों की भीड़ काबू से बाहर ही दिखाई दी।

### कई बार हुई धक्की मुक्की



गंभीर रोगों से पीड़ित बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे इलाज के इंतजार में खड़े होकर हताश नजर आए। कई मरीज ऐसे थे जो दूरदराज के क्षेत्रों से सुबह जल्दी अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन हड़ताल के कारण उनका इंतजार अनिश्चितकाल के लिए बढ़ गया। मरीजों की भारी भीड़ और चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया। ओपीडी क्षेत्र में कई बार धक्का मुक्की के हालात भी पैदा हुए, क्योंकि मरीज जल्द से जल्द चिकित्सक को दिखाना चाहते थे।

### सुरक्षाकर्मियों ने संभाला मोर्चा



बढ़ते हंगामे और अव्यवस्था को संभालने के लिए अस्पताल में तैनात सुरक्षा कर्मियों को मोर्चा संभालना पड़ा। सुरक्षा कर्मियों ने हस्तक्षेप कर मरीजों को शांत कराया और उन्हें धैर्यपूर्वक लाइन में खड़े होने के लिए प्रेरित किया। इन दो घंटों के दौरान सुरक्षाकर्मी लगातार भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास करते रहे ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। चिकित्सकों का कहना था कि वे मजबूर होकर यह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## जमीन का इंतकाल करने के बाद तहसीलदार की जब्त सरकारी गाड़ी छोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

- मूर्ति देवी के नाम इंतकाल में लापरवाही बरतने पर कोर्ट ने दिए थे गाड़ी जब्त करने के निर्देश

गढ़ी सिसाना की मूर्ति देवी के नाम इंतकाल में लापरवाही बरतना राजस्व विभाग को भारी पड़ा। गुरुवार को खरखौदा अदालत में सुनवाई के दौरान मामला ऐसा पलटा कि तहसीलदार की सरकारी गाड़ी तक जब्त हो गई। पहले कोर्ट ने इंतकाल करने के स्पष्ट आदेश दिए थे, लेकिन फिर भी तहसील कार्यालय ने कार्रवाई नहीं की। आदेश की अवहेलना सामने आने पर मामला ओमान के तहत दोबारा अदालत पहुंचा और यहीं से शुरू हुआ पूरा ड्रामा। सुनवाई में न्यायाधीश विक्रांत ने सख्त रुख अपनाते हुए तहसीलदार की सरकारी गाड़ी को तुरंत जब्त कर पुलिस कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया। गाड़ी मौके से उठवा ली गई। नायब तहसीलदार अचिन कुमार भी अदालत पहुंचे, जिन्हें कोर्ट ने तीखी फटकार लगाई। दोबारा सुनवाई में बताया गया कि आखिरकार मूर्ति देवी के नाम इंतकाल कर दिया गया है। इसके बाद जज विक्रांत ने जब्त वाहन को छोड़ने के आदेश जारी कर दिए। गाड़ी वापस तहसील प्रशासन को सौंप दी गई।

## पुलिस बल के साथ टीम ने मटिंडू में 11 प्लॉटों पर दिलाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

- गांव में जमीन बंटवारे को लेकर लंबे समय से रहा था विवाद
- तीन ग्रामीणों ने कब्जा लेने से इंकार किया, बोले–पैमाइश में संदेह है

मटिंडू गांव में जमीन बंटवारे को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के बीच गुरुवार को प्रशासन भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। हाईकोर्ट के आदेशों और जज विक्रांत के निर्देशों के बाद टीम ने शांतिपूर्वक ढंग से पहले पैमाईश कराई, जिसके बाद कब्जा दिलाने की प्रक्रिया शुरू हुई। कब्जा वितरण के दौरान तीन ग्रामीणों ने यह कहते हुए कब्जा लेने से इंकार कर दिया कि पैमाईश में संदेह है और मांग की है कि इसे दोबारा कराया जाए। हालांकि प्रशासन ने नियमानुसार आगे की कार्रवाई जारी रखी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार ललिता, नायब तहसीलदार अचिन, एसएचओ पवन कुमार और कोर्ट की ओर से नियुक्त बेलफ अरुण कुमार मौजूद रहे। उनकी मौजूदगी में पहले पैमाईश कराई गई, इसके बाद कब्जे दिलाए गए। कुल 11 स्थानों पर कब्जा कार्रवाई की गई।

### सोनीपत में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

**सोनीपत।** सोनीपत जिला और उपमंडल गोहाना, गन्नौर व खरखौदा में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह के नेतृत्व में तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव प्रचेता सिंह की देखरेख में होगा। यह लोक अदालत जिला स्तर पर सोनीपत और उपमंडलीय स्तर पर गोहाना गन्नौर व खरखौदा न्यायिक परिसर में लगाई जाएगी। लोक अदालत में आपसी सहमति से लंबित केसों का निपटारा किया जाएगा। इसमें फौजदारी समाधेय चेक बाउंस के मामले अन्य दीवानी मामले ट्रैफिक चालान मोटर व्हीकल दुर्घटना मामले और वैवाहिक विवाद समेत अन्य मामलों का समाधान होगा।

## सीवर का टूटा ढक्कन बना हादसों का कारण, ठीक करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर में राजकीय कन्या कॉलेज के पास गढ़ी केसरी गांव की तरफ जाने वाली सड़क पर लगे सीवर के टूटे हुए ढक्कन ने आने-जाने वाले लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ढक्कन टूटकर सीवर में गिर चुका है, जिससे सड़क पर बड़ा गड्ढा बन गया है। इस रास्ते से रोजाना स्कूल-कॉलेज के छात्र व ग्रामीण बड़ी संख्या में गुजरते हैं, ऐसे में किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। गढ़ी केसरी के सुरेश, सतबीर, विकास कहना है कि कई बार वाहन इस गड्ढे में फंसते-फंसते बचे हैं। रात के समय तो दुर्घटना का खतरा और भी अधिक रहता है, क्योंकि सड़क पर पर्याप्त रोशनी नहीं है और ढक्कन टूटे होने की जानकारी कई लोगों को



नहीं होती। ऐसे में पैदल चलने वाले, बाइक सवार और छोटे वाहनों के लिए यह स्थिति जानलेवा बनी हुई है। लोगों ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस समस्या की शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक किसी तरह का सुधार कार्य शुरू नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ढक्कन बदलवाया जाए।

### कुश्ती दंगल ट्रायल 29 नवंबर को खरखौदा में

**सोनीपत।** खेल विभाग हरियाणा द्वारा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 2025 के अवसर पर दिनांक 02 दिसंबर 2025 को कुरुक्षेत्र में कुश्ती दंगल पुरुष और महिला वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। इस दंगल में जिला सोनीपत से भाग लेने वाले खिलाड़ियों के चयन हेतु जिला स्तरीय कुश्ती दंगल की ट्रायल का आयोजन होगा। यह ट्रायल 29 नवंबर को प्रताप स्कूल खरखौदा में होगा। इस प्रतियोगिता में कुल चार वजन वर्गों में मुकाबले करवाए जाएंगे। इनमें भारत कुमार 74 किलोग्राम, भारत कुमारी 62 कि.ग्रा. और भारत केसरी प्लस 74 किलोग्राम व भारत केसरी प्लस 62 किलोग्राम के वर्ग शामिल हैं। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि खिलाड़ी रिहायशी प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की कॉपी साथ लेकर आना अनिवार्य है।

## गढ़ी केसरी बूस्टर स्टेशन नंबर 4 से सड़क पर बह रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

एक ओर प्रदेश सरकार व जनस्वास्थ्य विभाग जल संरक्षण के दावे कर रहे है और लोगों को जल की बचत के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूक कर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ विभाग के कर्मचारी इसके प्रति गंभीर नहीं दिख रहे हैं। गढ़ी केसरी स्थित जनस्वास्थ्य विभाग के बूस्टर स्टेशन नंबर 4 में पीने का पानी पूरे दिन रोड पर बहता रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग का द्वारा कोई पहली बार नही बल्कि हर दूसरे तीसरे दिन ये हाल देखा जा सकता है। जिससे अकसर पानी ओवरफ्लो हो कर व्यर्थ बहता रहता है। पानी इतनी अधिक मात्रा में व्यर्थ बहता है कि बूस्टर स्टेशन की चार दिवारी में पानी रिसने लगा है। ऐसे में बूस्टर स्टेशन की दीवार भी गिरने का खतरा बना हुआ है। सड़क पर पेयजल व्यर्थ बहने से लोगों की आवाजाही प्रभाववित हो रही है।

### पुलिस ने मंद बुद्धि महिला को आश्रम भेजा

**खरखौदा।** जिस तरह से पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैक डाउन में सराहनीय काम करते हुए विभिन्न क्षेत्रों इलाके के सैकडों अपराधियों, साजिशकर्ता युवकों, पैरोल जम्प करने वाले लोगों को उनका सही ठिकाना यानी सलाखों के पीछे पहुँचाने का काम किया है। वहीं अब सेवा भाव में भी पुलिस बेहतर होने लगी है। अपराधियों की कमर तोड़ने, नशामुक्ति अभियान को गति देने, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर जोर देने व भय मुक्त माहौल बनाने के लिए पुलिस अब लगातार काम कर रही है। वहीं अब एक नई पहल करते हुए सदर थाना सोनीपत में तैनात महिला एएसआई सुमन ने एक मंद बुद्धि महिला को दिल्ली स्थित अपना घर आश्रम में भेजते हुए सराहनीय काम किया है। वहीं डीजीपी हरियाणा ओ.पी सिंह की पुलिस अब पहले से ज्यादा हाईटेक व संजीदा हो चली है।

**कोहरे में सड़क हादसे रोकने के लिए पुलिस ने तैयार किया एक्शन प्लान**

# ब्लैक स्पॉट पर निगरानी करेंगे, सड़क पर वाहन पार्किंग नहीं होगी, पीसीआर और राइडर 24 घंटे सक्रिय रहेंगी

- पुलिस उपायुक्त यातायात नरेन्द्र कादयान ने दिए निर्देश
- ज्यादा जोर सड़कों को बाधा मुक्त रखने पर रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सर्दी की दस्तक के साथ ही कोहरे का असर दिखना शुरू हो गया है। कोहरे के मौसम में दृश्यता कम होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका काफी बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सोनीपत पुलिस ने जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कमर कस ली है। पुलिस उपायुक्त यातायात नरेन्द्र कादयान ने संबंधित विभागों और पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं ताकि कोहरे के दौरान जान-माल का नुकसान न हो। पुलिस ने ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने का फैसला किया है।

पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में सबसे ज्यादा जोर सड़कों को बाधा मुक्त रखने पर दिया गया है। अक्सर देखा जाता है कि सड़क किनारे खड़े भारी वाहन कोहरे में दिखाई नहीं देते और बड़े हादसों का कारण बनते हैं। इसे रोकने के लिए पुलिस उपायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सड़कों पर किसी भी प्रकार का वाहन पार्क न होने दिया जाए। इसके लिए पीसीआर और राइडर टीम 24 घंटे सक्रिय रहेंगी और गश्त के दौरान सड़क किनारे खड़े वाहनों को तुरंत हटवाएंगी। इसके अलावा गलत दिशा में वाहन चलाने वालों और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### लगवाएंगें रिफ्लेक्टिव बोर्ड



कोहरे में वाहन चालकों को रास्ता साफ दिखाई दे इसके लिए पुलिस ने बुनियादी ढांचे पर भी ध्यान दिया है। जहां दृश्यता कम रहती है वहां चालकों को सतर्क करने के लिए रिफ्लेक्टिव बोर्ड लगाए जाएंगे। साथ ही एनएचएआई पीडब्ल्यूडी और शहरी स्थानीय निकाय विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे खराब सड़कों गड्ढों और सड़क पर जमी चिकनाई या तेल को तुरंत साफ करवाएं। सड़कों पर लगे रोड मार्किंग साइन बोर्ड और ब्लिंकर लाइट की मरम्मत को प्राथमिकता दी जाएगी। हाईवे पर लगी एलईडी लाइटों को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### नियमों का पालन करें स्कूल बस चालक

भारी वाहनों और स्कूल बसों की सुरक्षा को लेकर भी पुलिस गंभीर है। ट्रैक्टर-ट्रॉली ट्रक और अन्य भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाना अनिवार्य किया गया है ताकि अंधेरे या धुंध में वे दूर से नजर आ सकें। स्कूल बसों के लिए सुरक्षित स्कूल बस नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। पुलिस ने पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए बिजली और टेलीफोन के खंभों पर भी रिफ्लेक्टिव टेप लगाने की बात कही है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता और वाहन चालकों से अपील की है कि वे कोहरे के दौरान हाई बीम के बजाय लो बीम लाइट का प्रयोग करें। वाहन को धीमी गति में और सुरक्षित दूरी बनाकर चलाएं।


## पंच सुमन बनी निजामपुर की कार्यवाहक सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

निजामपुर की पंच सुमन गुरुवार को सर्वसम्मति से कार्यवाहक सरपंच बन गईं। कथूरा खंड के बीडीपीओ कार्यालय में चुनाव कराया गया। 12 में से नौ पंच चुनाव में पहुंचे, जिन्होंने सुमन देवी को एकमत से कार्यवाहक सरपंच बनाने के लिए सहमति दी। चुनाव बीडीपीओ पूनम चंदा की देखरेख में हुआ। उपायुक्त सुशील सारवान ने 21 नवंबर को जांच रिपोर्ट के आधार पर गांव निजामपुर की सरपंच राधिका को निलंबित कर दिया था। उपायुक्त ने बीडीपीओ को ग्राम पंचायत की समस्त चल-अचल संपत्ति का चार्ज लेकर बहुमत वाले पंच को सौंपने के आदेश दिए थे। इस पर बीडीपीओ पूनम चंदा की देखरेख में गुरुवार को चुनाव कराया गया। वार्ड सात से पंच सुमन ने कार्यवाहक सरपंच के लिए आवेदन किया, उनके नाम पर अन्य पंचों ने सहमति दी। इस मौके पंच सुनीता, संदीप, प्रदीप, कृष्ण, दीपक मौजूद रहे।

### सरपंच पर अनियमितताओं व भ्रष्टाचार के आरोप थे

गांव निजामपुर के अनिल कुमार ने पंचायत द्वारा कराए गए कई कार्यों में अनियमितता बरतने और भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए थे। उन्होंने विभिन्न स्तर पर अधिकारियों को शिकायतें देकर जांच की मांग की थी। समय पर उचित कार्रवाई व जांच न होने पर उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की शरण ली। इसके बाद उपायुक्त ने जांच को आगे बढ़ाया गया। कुछ मामले में आरोप सिद्ध होने पर सरपंच को निलंबित किया गया। उपायुक्त डा. सुनील सारवान ने अतिरिक्त उपायुक्त को जांच अधिकारी नियुक्त करके 15 दिन में रिपोर्ट में मांगी थी। उपायुक्त ने आदेश दिए थे कि राधिका को जांच पूरी होने तक सरपंच पद से निलंबित किया जाता है ताकि वह जांच को प्रभावित न कर सके। अतिरिक्त उपायुक्त की जांच में आरोप सिद्ध होने पर राधिका को पदच्युत भी किया जा सकता है।



बच्चो, पहाड़ यानी माउंटेन हमारी पृथ्वी पर मौजूद विशाल, प्राकृतिक रूप से उठी हुई भौगोलिक संरचना होती है। ये हजारों लाखों साल से स्थिर खड़े हैं। दुनिया में एक से बढ़कर एक ऊंचे और खूबसूरत पहाड़ मौजूद हैं। जानो ऐसे ही कुछ खूबसूरत-ऊंचे पहाड़ों और पर्वत चोटियों के बारे में।


जानकारी

शिखर चंद जैन

# दुनिया के ऊंचे-ऊंचे खूबसूरत पर्वत-शिखर

बच्चो, आसमान को चूमते, बादलों को सहलाते हुए से ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बहुत खूबसूरत ही नहीं आश्चर्यजनक भी लगते हैं। इनके बर्फीले शिखर, हरी-भरी वादियों से सजी चढ़ाई और बेशुमार पेड़-पौधों से ढंकी घाटियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। यहां तुम्हें दुनिया के कुछ खूबसूरत-ऊंचे पर्वत शिखरों के बारे में बता रहे हैं।

**सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट, हिमालयः** माउंट एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,848.86 मीटर (29,031.7 फीट) है। नेपाल और चीन की सीमा पर स्थित हिमालय के इस पर्वत शिखर को 'पृथ्वी का तीसरा ध्रुव' भी कहा जाता है। माउंट एवरेस्ट हिमालय पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है। इसे नेपाली में 'सागरमाथा' कहते हैं, जिसका अर्थ 'आकाश की देवी' है। तिब्बती भाषा में इसे 'चोमोलुंगमा' नाम से पुकारा जाता है, जिसका अर्थ है 'विश्व की देवी मां'। इसकी बर्फ से ढंकी चोटियां सूरज की रोशनी में जब चमकती हैं तो दूर से देखने पर किसी रत्नजड़ित सफेद मुकुट-सी दिखती हैं। अपनी ऊंचाई और खूबसूरती के कारण माउंट एवरेस्ट पर्यटकों और पर्वतारोहियों के आकर्षण का केंद्र हमेशा से रहा है।



भारत की सर्वोच्च और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी कंचनजंगा



आसान नहीं के2-गॉडविन ऑस्टेन पर चढ़ाई करना

**खतरनाक चढ़ाई वाला के2-गॉडविन ऑस्टेन, काराकोरमः** पाकिस्तान और चीन की सीमा पर स्थित के2 दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,611 मीटर (28,251 फीट) है। यह अपनी सुंदरता के लिए जितना जाना जाता है, उतना ही अपनी खतरनाक चढ़ाई के लिए भी। इसे 'सेवेज माउंटेन' भी कहा जाता है। के2 की चोटी एक पिरामिड जैसी दिखती है और यह काराकोरम रेंज में स्थित है। इसके चारों ओर ग्लेशियर और बंजर जमीन का नजारा इसे दुनिया के अन्य पर्वत श्रृंखलाओं से अलग रूप प्रदान करता है। पाकिस्तान में विशाल बाल्टोरो ग्लेशियर पर चढ़कर इसके आधार तक पहुंचने के क्रम में यह कई मील दूर से दिखाई देता है। जैसे-जैसे पर्वतारोही इसके करीब पहुंचते हैं, यह पर्वत और भी अद्भुत और खूबसूरत नजर आता है।

**भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी कंचनजंगा, हिमालयः** भारत और नेपाल की सीमा पर स्थित कंचनजंगा भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,586 मीटर (28,169 फीट) है। इसका नाम तिब्बती मूल के चार शब्दों 'कांग-चेन-जो-नगा' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है 'महान हिम की पांच निधियां।' ऐसा माना जाता है कि इसमें सोना, चांदी, रत्न, अनाज और पवित्र पुस्तकें छिपी हुई हैं। यह पहाड़ अपनी बदलती रंगत के लिए जाना जाता है, सुबह और शाम के समय, सूरज की किरणें इसकी चोटियों को गुलाबी, नारंगी और सुनहरे रंगों से रंग देती हैं, जो देखने में बहुत ही जादुई लगता है।



अफ्रीका का सर्वोच्च पर्वत किलिमंजारो

**पिरामिड जैसा पहाड़ मैटरहॉर्न, आल्प्सः** स्विट्जरलैंड और इटली की सीमा पर स्थित मैटरहॉर्न, आल्प्स पर्वत का एक हिस्सा है। इसकी ऊंचाई लगभग 4,478 मीटर (14,692 फीट) है। इसकी चोटी एक नुकीले पिरामिड की तरह दिखती है, बिल्कुल वैसा ही जैसा तुम बच्चे ड्रॉइंग में माउंटेन बनाते हो। इसकी आकृति चारों तरफ से पिरामिड की तरह ही दिखती है, जो इसे और भी अट्रैक्टिव बनाता है। स्विट्जरलैंड के जर्मेट गांव से अगर इस पहाड़ को देखा जाए तो इसका नजारा किसी पहाड़ की पेंटिंग जैसा खूबसूरत लगता है। इसकी खूबसूरती को देखने दुनिया भर के पर्यटक और प्रकृतिप्रेमी इसके करीब आते हैं।



अत्यधिक खूबसूरत नजर आता है मैटरहॉर्न

**सुप्त ज्वालामुखी पर्वत किलिमंजारोः** तंजानिया में स्थित किलिमंजारो की ऊंचाई लगभग 5,895 मीटर (19,341 फीट) है। यह अफ्रीका का सबसे ऊंचा पर्वत है, जो वास्तव में एक विशाल सुप्त ज्वालामुखी है। इसकी चोटी पर हमेशा बर्फ जमी रहती है। यह अपनी चोटी पर मौजूद ग्लेशियरों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि इसके चारों ओर गर्म अफ्रीकी मैदान हैं। हेलीकॉप्टर से किलिमंजारो के क्रेटर (ज्वालामुखी का मुंह) और ग्लेशियरों का नजारा बेहद खूबसूरत दिखता है। *



टियरगार्टन शॉनब्रुन जू, ऑस्ट्रिया

# कैसे होते थे दुनिया के शुरुआती चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर एक ऐसी जगह होती है, जहां तुम एक ही बाउंड्री के भीतर तरह-तरह के एनिमल्स और बर्ड्स देख सकते हो। क्या तुम जानते हो कि दुनिया का पहला जू कैसा था या शुरुआती चिड़ियाघर कैसे होते थे?

रोचक

नयनतारा

बच्चो, अगर तुम्हें वाइल्ड लाइफ यानी जंगली जीव-जंतुओं को देखने, उनके बारे में जानने में इंटरेस्ट है तो तुम अपने शहर या आस-पास के किसी शहर में जू यानी चिड़ियाघर जरूर घूमने गए होगे। जू में तुम ऐसे अनेक जंगली और दुर्लभ जानवरों को एकदम सामने से देख सकते हो, जिन्हें तुमने किताबों में या टीवी पर देखा होगा। लेकिन क्या तुम जानते हो दुनिया में इस तरह जू बनाने की शुरुआत कब और किसने की थी? आओ इस बारे में जानते हैं।

**पहला जू था-इंटेलिजेंस पार्कः** बच्चो, लगभग 3000 साल पहले एक चीनी बादशाह अपने राज्य में एक स्थान पर कई तरह के जानवरों को रखता था, जिसे वह 'इंटेलिजेंस पार्क' कहता था। उस चीनी राजा के कलेक्शन में जीवित जानवर ही थे या मृत, इसका प्रमाण नहीं मिलता है। ज्यादातर लोगों का यही मानना है कि वह राजा, जानवरों का अध्ययन करने के लिए और उनकी आदतें जानने के लिए उनको पालता था। इस लिहाज से देखा जाए तो शायद वही संसार का पहला जू था। आज भी जू में वाइल्ड एनिमल्स, बर्ड्स व रेप्टाइल्स (रेंगने वाले जीव) रखे जाते हैं, ताकि लोग उन्हें देखें-जानें और वैज्ञानिक उनका अध्ययन कर सकें।

**मनोरंजन का साधन थे पर्सनल जूः** समय बीतने के साथ गांव और शहर बड़े होते गए तो कुछ लोग जंगली जानवरों का शिकार कर या उन्हें कैदकर अपने घरों में लाकर रखते थे। लोग जंगली जानवरों को अकसर अपने पास पालते थे ताकि दिखाया जा सके कि वह कितने रईस और शक्तिशाली हैं। ऐसे लोग कभी-कभार लोगों को परमिशन देते थे ताकि लोग आकर उनके जानवरों का कलेक्शन देख सकें।

**पब्लिक जू बनाने की शुरुआतः** यूरोप में 9वीं शताब्दी की शुरुआत से ही पब्लिक जू बनने लगे थे। अगले 700 से 800 वर्षों के दौरान संसार के बड़े शहरों में कई सारे पब्लिक जू का निर्माण किया गया। वैसे, ऑस्ट्रिया के वियना में स्थित टियरगार्टन शॉनब्रुन को दुनिया का पहला आधुनिक चिड़ियाघर माना जाता है। यूनेस्को के विश्व धरोहर सूची में शामिल यह चिड़ियाघर आज भी संचालित है। जहां तक संसार के सबसे बड़े और मशहूर चिड़ियाघरों की बात है तो इनमें टोरंटो जू (कनाडा), मॉस्को जू (रूस), सैन डिएगो जू (यूएसए), लंदन जू (इंग्लैंड), वेस्ट बर्लिन जू (जर्मनी) आदि शामिल हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदार बनाती कहानियां



बच्चो, हाल में बाल कहानियों की एक किताब 'बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल जमा 27 कहानियां हैं। ये कहानियां हैं तो छोटी लेकिन इसमें तुम्हें समझदार इंसान बनने के लिए सरल ढंग से कई बड़ी बातें सीखने को मिल सकती हैं। किताब की शीर्षक कहानी 'बाल सभा पार्क' में तुम पढ़ोगे कि कैसे समझदार बच्चा अनुभव, अपनी युक्ति से कॉलोनी के पार्क को साफ-सुथरा करके खेलने योग्य बना देता है। 'ऐसे उतरा रील का भूत' में टिंकू की रील बनाने की आदत कैसे छूटती है, यह पढ़ सकते हो तो 'इम्यूनिटी से मुलाकात' में तुम पढ़ोगे कि अवि को कैसे समझ में आता है कि इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए क्या करना चाहिए? इसी तरह संग्रह की अन्य कहानियां पढ़कर तुमको यह भी महसूस होगा कि भले ही तुम अभी छोटे हो लेकिन अगर चाहो और सही दिशा में प्रयास करो तो बड़े बदलाव ला सकते हो। साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकते हो। *

**किताब :** बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां, **लेखक :** शिखर चंद जैन, **मूल्य :** 300 रुपए, **प्रकाशक :** प्रखर गूंज पब्लिकेशन, दिल्ली

## बूझो तो जानें

1
घर की रखवाली करता है,
वफादार कहलाता।
है मशहूर नींद इसकी तो,
देखें कौन बताता।।

2
गोलमटोल मगर छोटा सिर,
रंग है हल्का पीला।
काले धब्बे दिखते तन पर,
लेकिन खूब सजीला।।

3
'मामा' कहकर इसे बुलाते,
रंग सुनहरा भूरा।
पेड़ों की डाली पर बैठा,
करता सबको घूरा।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.कुत्ता, 2.चीता, 3.बंदर

## जीके क्विज-181

1. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप फाइनल में पहला स्वर्ण पदक किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता?
2. मिस यूनिवर्स-2025 का खिताब किसने जीता?
3. एशियाई विकास बैंक का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. बटरफ्लाई शब्द का संबंध किस खेल से है?
5. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
6. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
7. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
8. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
9. बल का मात्रक क्या है?
10. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-181 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-180 का उत्तर :** 1.डेविड स्जेले, 2.नई दिल्ली, 3.नीतीश कुमार, 4.लखनऊ, 5.लॉर्ड डलहौजी, 6.नारायण पंडित, 7.विटामिन-ए, 8.सूर्य, 9.इंफाल, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-180 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, मान्या-दिल्ली, रमेश-बैकुंठपुर, दीपक-ईमेल से, हितेश-रायपुर, सौरभ-बिलासपुर, आंचल-दुर्ग, रोहन-महेंद्रगढ़, अंकित-रोहतक, आकाश-राजनांदगांव




नन्हे-मुन्नों के लिए कहानी

पुष्पा अंताणी

टिंकू ने घर में टंगी एक तस्वीर में समंदर में चलने वाला पानी का जहाज देखा। उसका मन हुआ, वह समुद्री जहाज में बैठकर सैर करे। टिंकू ने तुरंत समुद्री जहाज की व्यवस्था की। उसने स्वयं तो सैर की ही, अपने खिलौनों को भी सैर कराई। बच्चो, है ना अजीब बात! टिंकू के घर में कहां से आ गया समुद्र और समुद्री जहाज?

# जहाज में सवारी



नन्हा-सा टिंकू अपनी मम्मी के पास बैठकर दूध पी रहा था। उसकी नजर दीवार पर टंगी एक तस्वीर पर पड़ी। दूध का घूंट पीते हुए उसने तस्वीर की ओर इशारा करते हुए पूछा, 'मम्मी, यह क्या है?'

'यह पानी का जहाज है।' मम्मी ने बताया। 'मम्मी, क्या पानी का जहाज समंदर में चलता है?' टिंकू ने पूछा।

'हां, बेटा।' मम्मी बोलीं।

'मुझे समंदर बहुत पसंद है, मम्मी। मुझे जहाज में बैठना है।' टिंकू मचलते हुए बोला। 'बेटा, तुम अभी बहुत छोटे हो, बड़े हो जाओ तब जहाज में बैठना।' मम्मी ने दूध का गिलास नीचे रखते हुए समझाया। 'मम्मी, क्या बड़ा होने में ज्यादा समय लगता है?' टिंकू ने नया सवाल किया। 'नहीं रे, तुम तो अच्छे बच्चे की तरह दूध पी लेते हो। तुम जल्दी बड़े हो जाओगे। अब जाओ, अपने खिलौनों से खेलो।' मम्मी टिंकू के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोलीं। टिंकू ने प्लास्टिक की थैली से अपने सारे खिलौने बाहर निकाले। उसके पापा कल ही छोटे-छोटे खिलौने लाए थे। तोता, चिड़िया, बंदर, मोर, बाघ, जिराफ, गैंडा, शेर जैसे कई जानवर और पक्षी थे। टिंकू खुशी से अपने इन नए दोस्तों को देख रहा था। उसे लगा कि वे सब उसे कह रहे हैं, 'हमें जहाज में बैठना है।' सबका एक साथ शोर सुनाई दिया। टिंकू अपने कानों पर हाथ रखते हुए बोला, 'शांत हो जाओ सब! मैं तुम सबको जहाज में बिठाऊंगा।' तभी दादाजी सैर करके घर में आए। टिंकू उनके पास भागकर आया। दादाजी के हाथ में एक बड़ा कागज देते हुए बोला, 'दादाजी, इस कागज से मेरे लिए एक बड़ी-सी बोट बना दो ना! बहुत बड़ी बोट।' दादाजी बोट बनाने लगे। टिंकू बाथरूम में गया, वहां से एक टब ले आया। उसमें पानी भरा। दादाजी ने बोट बनाकर टिंकू को दे दी। टिंकू ने बोट अपने खिलौनों को दिखाई। 'देखो, यह है हमारा जहाज।' उसने खिलौनों को टब में भरा पानी दिखाया और बोला, 'यहां है समंदर... चलो, सब तैयार हो जाओ। मैं तुम सब को जहाज में घुमाने ले जाऊंगा। रास्ते में खाने के लिए नाश्ता भी ले आता हूं।'

टिंकू मम्मी के पास जाकर सेव, मुरमुरे, चॉकलेट, बिस्कुट, बेर वगैरह ले आया। सब कुछ नाश्ते के डिब्बे में रख दिया फिर बोट को टब के पानी में उतारा। उसमें सब खिलौने को अच्छी तरह से बैठा दिया। टिंकू अपनी एक अंगुली से कागज की बोट को हल्का-हल्का धक्का मारने लगा। टब के पानी में गोल-गोल घुमाने लगा। टिंकू को लगा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं, नाच रहे हैं। उसने टब को थोड़ा धक्का मारा। पानी थोड़ा उछला। खिलौने भी एक-दूसरे पर गिरे। टिंकू ने खिलौनों को सावधान किया, 'शरारत मत करो। अभी समंदर थोड़ा तूफानी है। सब अपनी जगह बैठे रहो।'

टिंकू को लगा कि उसकी बात सुनकर सब खिलौने जरूरत से ज्यादा शांत हो गए हैं। इसलिए वह बोला, 'अब डरने की कोई बात नहीं है। समंदर शांत हो गया है।' सब खुश हो गए। टिंकू ने बोट के छह-सात चक्कर लगाने के बाद उसे रोक दिया और बोला, 'तुम सबको भूख लगी होगी ना, चलो, थोड़ा नाश्ता खा लो।'

टिंकू ने सब खिलौने बोट से बाहर निकाले और बोला, 'संभल कर उतरना, किसी का पैर फिसला तो सीधे समंदर में गिरोगे। यहां समंदर काफी गहरा है।' टिंकू ने सभी खिलौने के सामने नाश्ता रखा। उसने भी नाश्ता किया। थोड़ी देर सब ने आराम किया। फिर टिंकू बोला, 'चलो, अब वापस लौटने का समय हो गया है।' सभी दोस्तों को फिर से बोट में बिठा दिया। बोट को उल्टी दिशा में चलाने लगा। थोड़े चक्कर लगाने के बाद वह बोला, 'वापस आ गए।' टिंकू ने देखा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं। हर कोई मानो उसे कह रहा हो, 'वाह, टिंकू भैया! जहाज में बैठने और घूमने में बड़ा मजा आया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद!'

टिंकू सारे खिलौनों को प्लास्टिक की थैली में वापस डालते हुए बोला, 'जब मैं बड़ा हो जाऊंगा, तब एक बड़े और सचमुच के जहाज में बैठूंगा और बड़े समंदर में घूमने जाऊंगा।' टिंकू आज बहुत खुश था। *

**गुजराती से अनुवादः सेतु अंताणी**

कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

## मोती ये कैसे हैं

बड़े सबेरे मुनियां रानी
मां को लगी जगाने।
देखो हरी घास पर बिखरे
मोती बड़े सुहाने।
मां ये मोती कितने सुंदर,
चमचम चमक रहे हैं।
सूरज की लाली में कैसे,
दमदम दमक रहे हैं।
रातों-रात भला किसने,
ये मोती यूं बिखराए।
इससे पहले कोई और
इन्हें चुनकर ले जाए,
मैं ही चुन लूं क्यों न इन्हें
मां, अपना हार बनाने,
गुड़िया को भी माला कंगन,
बना-बना पहनाने।
कुछ तुम भी अपनी चुनरी में
टांक सजा लेना मां,
जूड़े की पिन में ये मोती
खूब लगा लेना मां।
मुनियां मोती चुनने आई,
हंस कर और हुलस कर।
पर मोती कैसे थे जो,
छूते ही गिरे पिघल कर।



## रंग भरो-190

**रंग भरो-190** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



भव्य, धमतरी



माही, महासमुंद



फरहान, धमतरी

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आद्या-उमरिया, प्रियंका-रायपुर, प्रवीण-भोपाल, किंशुक-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, तुषार-करनाल, अमन-बिलासपुर, आकाश-कोरबा



काव्या, रायपुर

## रंग भरो 191



बच्चो, यहां पेंटिंग बना रही लड़की टीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

**खबर संक्षेप**



### पूर्व सैनिकों की समस्याओं के हल के लिए लगाया कैंप

**सोनीपत।** पूर्व सैनिकों, वीर नारियों (शहीद सैनिकों की विधवाओं) और उनके आश्रितों की पेंशन एवं कल्याण से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से वीरवार को कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सोनीपत में किया गया। कैंप के दौरान यांत्रिकृत इन्फेंट्री रेजीमेंट के रिकॉर्ड कार्यालय के अधिकारियों ने सैनिक परिवारों से आमने-सामने मुलाकात कर शिकायतें सुनीं और कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया। कुछ मामलों को उच्च स्तर पर भेजते हुए जल्द निपटारे का भरोसा भी दिलाया गया।

### फैंसी ड्रेस और रैंप वॉक में दिखाई इको फ्रेंडली थीम

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में क्लास 6 और 9 के स्टूडेंट्स ने मिलकर वीरवार को प्रयास : नई सोच – नया कल नाम की सिंडिकेट एक्टिविटी की, जो सस्टेनेबल डेवलपमेंट– भविष्य के लिए हमारी ज़िम्मेदारी विषय पर आधारित थी। प्रोग्राम को अक्षिता (क्लास 6), आराध्या (क्लास 9), रिदिमा (क्लास 9), और मुदित (क्लास 6) ने होस्ट किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी गतिविधियां दोनों क्लास के स्टूडेंट्स ने मिलकर पेश कीं।

## महिला विवि, आईबीएम व सीएसआर बॉक्स फाउंडेशन में एमओयू

# छात्राएं डिजिटल स्किल्स में निपुण के साथ वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा में बनेंगी सक्षम



**गोहाना।** एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश व उजमा अरूज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**बीपीएसएमवी निरंतर छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण नवीनतम व रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि)ने आई बी एम व सीएसआर बॉक्स फाउंडेशन के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू विवि की छात्राओं को नई तकनीकों, डिजिटल स्किल्स और रोजगारोन्मुखी क्षमताओं में सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। एमओयू पर आईबीएम की ओर से रोहित राजपूत व सीएसआर बॉक्स फाउंडेशन की तरफ से उजमा अरूज ने हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आज का दौर तकनीकी दक्षता का है और हमारा उद्देश्य हर छात्रा को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। इस एमओयू से हमारी छात्राएं न केवल डिजिटल स्किल्स में निपुण होंगी बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में भी सक्षम बनेंगी। बीपीएसएमवी निरंतर छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण, नवीनतम और रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि यह एमओयू बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के महिला सशक्तिकरण एवं कौशल-आधारित शिक्षा के मिशन को और मजबूत करेगा। डॉ. अंशु भारद्वाज ने कहा कि आईबीएम स्किल बिल्ड प्लेटफॉर्म पर निःशुल्क डिजिटल कोर्सेज इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स द्वारा प्रशिक्षण एवं वर्कशॉप इंटर्नशिप एवं करियर-काउंसलिंग अवसर छात्राओं के लिए ग्लोबल डिजिटल बैज और सर्टिफिकेशन विवि में स्किल डेवलपमेंट केंद्र की स्थापना की दिशा में कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर महिला विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. विजय नेहरा मौजूद रहे।

**इन विषयों पर मिलेगा प्रशिक्षण**

इस साझेदारी के तहत छात्राओं को एआई, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन स्किल्स, करियर रेडीनेस सहित विभिन्न नवीन कौशलों पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही छात्रों को इंडस्ट्री सर्टिफिकेशन और इंटर्नशिप अवसर भी प्रदान किए जाएंगे।

**खबर संक्षेप**



### गांव मंडौरा व मंडौरी में ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम

**खरखौदा।** निफ्टेम के तत्वावधान में खरखौदा उपमंडल के गांव मंडौरा और मंडौरी में 19 से 27 नवंबर तक ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम संचालित किया गया। जिसमें 15 विद्यार्थियों की टीम, शिक्षकों और एक समन्वयक के साथ मिलकर समुदाय विकास, खाद्य जागरूकता, स्वास्थ्य और ग्रामीण उद्यमिता से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत 9 वीं और 10 वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए खाद्य एवं लेबलिंग जागरूकता सत्रों से हुई। जिनमें पैक्ड फूड लेबल पढ़ना, सॉफ्ट ड्रिंक्स में चीनी की मात्रा, सूक्ष्मजीव संक्रमण, स्वच्छता और हाइजीन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। वरिष्ठ बालिकाओं के लिए बेटियों की शिक्षा, महिला भ्रूण हत्या रोकथाम, महिलाओं के स्वास्थ्य और महिला उद्यमिता अवसरों पर संवाद आयोजित किए गए। सरकारी प्राथमिक विद्यालय में न्यूट्री रेस और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों को संतुलित आहार के महत्व से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के दौरान मंडौरा के सरपंच अनिल दहिया और मंडौरी के सरपंच जोगिंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा है। गांव में विभिन्न गतिविधियों को सुचारू रूप से संपन्न कराने में विकास दहिया ने भी टीम की महत्वपूर्ण सहायता की।




### अंग्रेजी कविता गायन प्रतियोगिता में यशवी प्रथम

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में अंतर्सदनीय अंग्रेजी कविता गायन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों में तीनों सदनों - सत्यम, शिवम ,सुंदरम के बीच हुई। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रीतू अध्यापकगण व विद्यार्थी मौजूद रहे। निर्णायक का दायित्व अध्यापिका पूनम व अध्यापक दीपक द्वारा निभाया गया। घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान पर यशवी पुत्री मनजीत सत्यम सदन व रक्षिता पुत्री संजय सुंदरम सदन से, द्वितीय स्थान पर पीहू पुत्री सुरेंद्र सुंदरम सदन से, तृतीय स्थान पर भव्या पुत्री अमित शिवम सदन से रही। सदन संचालक अध्यापक मनीत,अध्यापिका कृष्ण व अनीता और सहायक अध्यापकों के बड़े प्रयासों को सराहा। प्राचार्या उषा वत्स ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि अपनी आवाज में विश्वास रखिए, कविता में भाव भरिए और दिल से प्रस्तुति दीजिए।

### पराली बेकार अवशेष नहीं बल्कि मूल्यवान जैविक संसाधन



**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय, खरखौदा के ईको क्लब द्वारा पराली एक पूंजी अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ तराना नेगी के द्वारा की गई व डॉ योगिता मलिक के नेतृत्व में कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ईको क्लब के इंचार्ज डॉ. विजयदीप ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कृषि पर्यवेक्षक रघुराज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि पराली कोई बेकार अवशेष नहीं, बल्कि किसानों के लिए एक कीमती जैविक संसाधन है। उन्होंने पराली के वैज्ञानिक प्रबंधन, इसके उपयोग से भूमि की उर्वरता में वृद्धि, तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कृषि पर्यवेक्षक ने कहा कि यदि पराली को जलाने के बजाय खाद, वर्मी - कम्पोस्ट, पशु आहार, बायोगैस तथा अन्य कृषि प्रक्रियाओं में प्रयोग किया जाए, तो यह किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ईको क्लब के सदस्यों डॉ. अंजू, रेखा, निशा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख संकाय सदस्यों में डॉ. सीमंत, प्रो. प्रमिला, डॉ. शालिनी, डॉ. रमेश शामिल रहे।



## संविधान दिवस लोकतांत्रिक पहचान की नींव : डा. स्पाह

- पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह को उनकी 17वीं पुण्यतिथि पर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा एंटी ड्रग सेल के सहयोग से संविधान दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डा. निहारिका ने किया। उन्होंने छात्राओं के साथ संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों की सरल, रोचक तथा सारगर्भित व्याख्या साझा की। उन्होंने बताया कि मौलिक कर्तव्य नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने तथा अनुशासित व स्वस्थ समाज की स्थापना की दिशा में प्रेरित करते हैं। कॉलेज की प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को संविधान के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि देश का संविधान हर भारतवासी के लिए महत्वपूर्ण है।

# संगठन को मजबूत बनाने का किया आह्वान

- 30 नवंबर को करेंगे संविधान बचाओ रैली, तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

कांग्रेस भवन सोनीपत में असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस की कार्यकर्ता सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन ओम कुमार जांबाज प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया, जबकि अध्यक्षता यशवंत राव चौहान जिला अध्यक्ष शहरी केकेसी ने संभाली। सभा में वेदपाल मलिक प्रदेश उपाध्यक्ष और मीना चहल प्रदेश सचिव ने मुख्य रूप से भाग लिया। सभा के दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों सावित्री मलिक को प्रदेश सचिव, सरोज को सोनीपत विधानसभा अध्यक्ष, रेखा सोलंकी को ग्रामीण महिला जिला अध्यक्ष और सरला राठी को महिला महासचिव बनाए जाने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए मजदूरों और कर्मचारियों की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा।

अपने संबोधन में यशवंत राव चौहान और ओम कुमार जांबाज ने कार्यकर्ताओं से 30 नवंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में होने वाली संविधान बचाओ रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि संविधान विरोधी शक्तियों का मुकाबला करते हुए मजदूर विरोधी नीतियों व कानूनों का विरोध किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

सभा में वेदपाल सभरवाल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राम सिंह दहिया जिला सचिव, रिंकू सोलंकी जिला उपाध्यक्ष, सुनील टांक राई हलका अध्यक्ष, सुनीता मलिक और नरेश चहल मौजूद रहे।

## समारोह में नागरिकों ने पूर्व पीएम वीपी सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक।

पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की 17वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को गांव रामगढ़ में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। हरियाणा पिछड़ा वर्ग संघ के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में नागरिकों ने वीपी सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता संघ की बरोदा हलका इकाई के अध्यक्ष बलवान कश्यप ने की।मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि देश के 8वें प्रधानमंत्री स्व. बीपी सिंह ने अपनी 3000 बीघा जमीन गोदान यज्ञ में वंचितों को दान कर दी थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से देश के प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद तक का सफर तय किया। अपने कार्यकाल में उन्होंने 1990 में वह साहसिक कार्य किया मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू कर दी जिसके तहत सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू हो गया। हलका अध्यक्ष बलवान कश्यप ने कहा कि वीपी सिंह को मंडल के मसीहा और भ्रष्टाचार विरोधी नायक के रूप में याद किया जाता है। 27 नवंबर 2008 को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के चलते वह जिंदगी की जंग हार गए।

**मेयर ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ**

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने वार्ड 17 की मायापुरी कॉलोनी में चालीस लाख रूपये की लागत से विकास कार्यों का शुभारम्भ करते हुए कहा कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता एवं तेजी से किया जा रहा है और सभी वार्डों में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। पार्षद नवीन तंवर एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में उद्घाटन कार्यक्रम में राजीव जैन ने बताया कि गली नंबर चार में बीस लाख रूपये की लागत से सीवर एवं पीने के पानी की लाइन डालने का कार्य चल रहा है और उसके बाद इतनी ही लागत से सड़क बनाने का कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर रघबीर रंगा, राजेश, राजबीर, घनश्याम, सूबे सिंह, प्रीति, एवं कालोनी वासी उपस्थित रहे।



**खरखौदा।** विजेता विद्यार्थी प्राप्त किए प्रमाण पत्रों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## जिला गीता जयंती महोत्सव में प्रताप स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में प्रताप स्कूल के विद्यार्थी चिराग ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, सनाया ने द्वितीय स्थान, गीतांश सिवाच ने निबंध लेखन में कंसोलेशन फर्स्ट, तथा प्रथमा वर्मा और दीया ने संवाद प्रतियोगिता में कंसोलेशन सेकंड स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चिराग एवं सनाया का चयन राज्य स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता के लिए किया है। प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा विद्यालय के स्टाफ ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया।



### अंकित बने ग्राम सचिव एसोसिएशन के प्रधान

**सोनीपत।** हरियाणा ग्राम सचिव एसोसिएशन की राज्य कार्यकारणी की बैठक बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ ग्राम सचिव अंकुश ने की। इसमें खंड स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने और भविष्य की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अंकित देशवाल को सोनीपत इकाई का प्रधान चुना गया व ममता को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित प्रधान अंकित देशवाल ने कहा कि वे पद की गरिमा को बनाए रखते हुए जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे व ग्राम सचिवों की समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाने और उनका समाधान कराने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ ग्राम सचिव अमन, दीपक शर्मा, सुल्तान, सुभाष, वीरेंद्र, मनीषा शर्मा, अशोक खत्री, कुनाल, ऋतु, पूनम, मोहित, पूजा, विनीता, शीतल, नेहा, श्वेता, मनीषा, नीरज, सुमित नैन, काजल, किरण आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में किया आयोजन

# संस्था ने मनाया 16वां भारतीय अंगदान दिवस, किया जागरूक

- अंगदान व शरीर दान के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा वीरवार को सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में संचालित किए जा रहे वृद्धाश्रम में 16वां भारतीय अंगदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ट्यूलिप अस्पताल के डॉ. अनुराग अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था पिछले 17 वर्षों से लगातार लोगों को जागरूक कर अंगदान व शरीर दान के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रही है। संस्था के प्रयासों का ही नतीजा है कि अब तक अंगदान के लिए 4712 और शरीर दान के लिए 1519 लोग फॉर्म भर चुके हैं। इसके अलावा संस्था के माध्यम से अब तक करीब 124 लोगों की आंखें और 28 लोगों का शरीर दान विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में करवाया जा चुका है।

डॉ. अनुराग अरोड़ा ने अंगदान के माध्यम से उन अनगिनत लोगों का जीवन बचाया जा सकता है, जिन्हें जीवित रहने के लिए अंगों की सख्त जरूरत होती है। संस्था के प्रधान आनंद कुमार ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 17 वर्षों से इस क्षेत्र में सक्रिय है। संस्था का मुख्य उद्देश्य हर साल अंगों की कमी के कारण मरने वाले 6 लाख लोगों को बचाना है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब आम जनता इस मुहिम का हिस्सा बने और मरणोपरांत अपने अंगों का दान करने का संकल्प ले।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगण साथ में आश्रम के बुजुर्ग।

कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर जगत सिंह ने भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि मृत्यु के बाद शरीर जलकर अंततः मिट्टी में ही मिल जाता है। अगर हम शरीर को मिट्टी बनने से पहले दान करने का निर्णय लें तो यह मानवता के लिए बड़ा कदम होगा। उन्होंने बताया कि मरने वाला व्यक्ति नेत्रदान के जरिए दो दृष्टिहीन लोगों के जीवन में उजाला कर सकता है। इसी तरह मेडिकल कॉलेज में शरीर दान करने से शोध और पढ़ाई में मदद मिलती है। एक मृत शरीर लगभग 14 मेडिकल छात्रों को डॉक्टर बनने की प्रक्रिया में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करता है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर विक्रम धनखड़, कांस्टेबल मुकेश मलिक, कांस्टेबल पवन, बंटी, ललित दहिया, निरंजन नांदल और ट्यूलिप अस्पताल से डॉ. सपना समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### अनुशासन और टीम भावना सीखाते हैं खेलः लक्ष्मी देवी

**सोनीपत।** जानकी दास कपूर पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड डीएसपी लक्ष्मी देवी उपस्थित रही। प्रधानाचार्या डॉ. गीतांजलि ग्रोवर ने मुख्य अतिथि को पुष्प भेंटकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, एक स्वस्थ व्यक्ति ही सशक्त परिवार, समाज और देश का निर्माण कर सकता है। खेल इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, खेल हमें अनुशासन और टीम भावना सिखाते हैं, मन पर नियंत्रण करना सिखाते हैं। खेल हमारा शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास करते हैं। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक पहनाकर उनका उत्साहवर्धन करके उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने उनके स्वर्णिम भविष्य की मंगल कामनाएं करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को टेबल मैनर्स के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत में वीरवार को प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए "टेबल मैनर्स (भोजन शिष्टाचार)" पर एक विशेष जागरूकता प्रस्तुति आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भोजन से जुड़ी बुनियादी शिष्टाचार आदतों का विकास करना तथा उन्हें दैनिक जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित करना था। प्रस्तुति के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को मनोरंजक और सरल तरीके से सही भोजन व्यवहार के बारे में बताया।

### आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा मांगें बिना शर्त माफी

**सोनीपत।** हरियाणा ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष जसविंदर कौशिक ने आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा दिए गए ब्यान को आपत्तिजनक करार दिया है। कौशिक ने कहा कि आईएएस अधिकारी द्वारा दिया गया ब्यान ब्राह्मण समाज की बेटियों का ही नहीं बल्कि सर्व समाज की बहन बेटियों की गरिमा पर भी सीधा आघात है। ब्राह्मण समाज सदैव सर्व समाज की बहन बेटियों को अपनी पुत्री समझकर सम्मान देता आया है। ऐसे में इस प्रकार की असंवेदनशील, अनैतिक और समाज को बांटने वाली टिप्पणी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

### स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण थीम पर खंड स्तरीय निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित

# मेधावियों ने निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जंक फूड से दूरी बनाकर स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण बारे जागरूक करना था

*प्रधानमन्त्री पोषण शक्ति निर्माण योजना को और प्रभावी बनाने के लिए मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा और संयुक्त राष्ट्र खाद्य कार्यक्रम के मध्य सहमति के सन्दर्भ में विभिन्न विद्यालयों में 6-6 विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

संयुक्त राष्ट्र खाद्य कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक खंड गोहाना और मुंडलाना की गुरुवार को स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण थीम पर खंड स्तरीय निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताएं करवाई गईं। प्रतियोगिताएं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में आयोजित हुईं जिनमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रधानमन्त्री पोषण शक्ति निर्माण योजना को और प्रभावी बनाने के लिए मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा और संयुक्त राष्ट्र खाद्य कार्यक्रम के मध्य सहमति के सन्दर्भ में विभिन्न विद्यालयों में 6-6 विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जंक फूड से दूरी बनाकर स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण बारे जागरूक करना था। यह कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी गोहाना राजेन्द्र सांगवान की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गौरव कपूर, शराफत अली, शीला सिंहरोहा, कांता कादयान, सुमन, पुष्पा, सोनी प्रसाद, उषा, प्रीती, संगीता, रेखा, सत्यवान, सुरेन्द्र, दीपक, रिंकू व ललित विशेष रूप से उपस्थित रहे।



गोहाना। निबंधन लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

#### मुंडलाना खंड की प्रतियोगिताएं

खंड मुंडलाना में पेंटिंग प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खन्दराई से तनवी प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चिड़ाना से दीपा द्वितीय और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूरनखेड़ा से दिशा तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में राजकीय माध्यमिक विद्यालय ईशापुर खेडी से खुशी प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुटाना से अंशु द्वितीय और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूरनखेडा से आंचल तृतीय स्थान पर रही।

#### गोहाना खंड की प्रतियोगिताएं

खंड गोहाना में पेंटिंग प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरगथल से समीक्षा प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भैंसवाल कलां से दिशा द्वितीय और राजकीय माध्यमिक विद्यालय बिलबिलान से शिवानी तृतीय रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना से बंटी प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौली से नवीन द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आंवली से सोनाक्षी तृतीय रही।

#### सुमित ने लगाई सबसे लंबी छलांग, आकाश रहे द्वितीय



गोहाना। लंबी कूद में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थी।

**गोहाना।** जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना के वार्षिक खेलोत्सव में गुरुवार को चौथे दिन छात्रों की एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खेलों का शुभारंभ विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने किया। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। खेलों में कोच युकेश दत्त और डीपी सोनू शर्मा ने विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा का परीक्षण किया। अंडर-19 आयु वर्ग में की 100 मीटर दौड़ में वंश, शुभम और इशांत, 400 मीटर दौड़ में हर्ष, जतिन और यश, 200 मीटर दौड़ में वंश, शुभम और दीपांशु, 800 मीटर दौड़ में जतिन, नमन और शुभम, 1600 मीटर दौड़ में दिव्य, शुभम और शिव, लंबी कूद में सुमित, आकाश और हर्ष, शॉटपुट थ्रो में इशांत, आर्यन और अनुज, हैमर थ्रो में इशांत, अनुज और आर्यन, जैवलिन थ्रो में धैर्य, देव और सुमित क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-17 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में लक्ष्य, सुनील ने और दीपांशु, 400 मीटर दौड़ में दिव्यांश, छायांक और लक्की, 200 मीटर दौड़ में उमंग, सचिन और समर, 800 मीटर दौड़ में सिद्धार्थ, रवि और दीपांशु, 1500 मीटर दौड़ में छायांक, अंशुल और शुभम, लंबी कूद में हिमांशु, इशांत और वैभव, शॉटपुट थ्रो में सचिन, शुभम और दीपांशु, जैवलिन थ्रो में दिव्यांश, यश और हर्ष ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 आयु वर्ग 100 मीटर दौड़ में राघव, वंश और हर्ष, 400 मीटर दौड़ में हर्ष, हर्ष और सौरव, 200 मीटर दौड़ में हेमकेश, यश और कार्तिक, 800 मीटर दौड़ में कृष्ण, वंश और हर्ष, लंबी कूद में अरमान यश और कार्तिक, जैवलिन थ्रो में कृष्ण वंश और बंटी क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।



राई। अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल की उपप्रधानाचार्या।

## जीडी गोयंका में अभिभावक-शिक्षक मिलन में किया जागरूक

**राई।** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल सोनीपत में कक्षा 1 और 2 के अभिभावकों के लिए मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह सत्र माता-पिता और बच्चों के बीच संबंध को मजबूत करने, बेहतर संचार तथा गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के महत्व पर केंद्रित रहा। अभिभावकों को बच्चों की भावनात्मक और शैक्षणिक आवश्यकताओं को समझने के लिए उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। छोटे गोयंकन्स द्वारा प्रस्तुत वेलकम डांस से हुई, जिसने पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। इसके बाद डिजिटल इंडिया और मदर अर्थ विषयों पर आधारित रंगारंग फैंसी ड्रेस प्रस्तुति हुई, जिसमें बच्चों ने आत्मविश्वास और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने शिक्षकों व बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

## निजी प्ले स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य



गोहाना। प्ले स्कूलों का निरीक्षण करते हुए आयोग के सदस्य मांगेराम।

**गोहाना।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य मांगेराम ने गुरुवार को गोहाना के प्ले स्कूलों का निरीक्षण किया गया। मांगेराम ने दि विज्डम पब्लिक स्कूल, टिनी स्टैप्स प्ले स्कूल, व ग्लोबल किड्स प्ले स्कूल का निरीक्षण किया। ये सभी स्कूल नियमानुसार मान्यता प्राप्त पाए गए। आयोग के सदस्य ने इस दौरान ओपन शैल्टर हॉम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला बाल संरक्षण कार्यालय से उपासना एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय से सुमन उनके साथ रही। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य मांगेराम ने सीडीपीओ व सुपरवाईजरों को निर्देश दिए उनके क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिन भी प्ले स्कूलों का नियमानुसार पंजीकरण नही हुआ है, ऐसे सभी स्कूलों का पंजीकरण जल्द से जल्द करवाया जाए। उन्होंने कहा कि जो प्राइवेट प्ले स्कूल जिले के शहर व गांवों में चल रहे हैं, उन्हें पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। बच्चों के सुरक्षा व उनके अधिकारी की रक्षा व निजी संस्थाओं व एजेंसियों की गतिविधियों की समीक्षा के लिए यह अति आवश्यक है।

# छात्रों की आवारागर्दी बर्दाश्त नहीं होगी : राजबीर



गोहाना। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सरपंच राजबीर सिंह मलिक, साथ हैं गांव के अन्य व्यक्ति। *फोटो : हरिभूमि*

- गांव छिछड़ाना के सरपंच राजबीर सिंह मलिक व ग्रामीण गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरुवार को शैक्षणिक खंड कथूरा के गांव छिछड़ाना के सरपंच राजबीर सिंह मलिक व गांव के अन्य प्रबुद्ध ग्रामीण गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की आवारागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो विद्यार्थी बार-बार समझाने पर भी नहीं मानेगा उसके माता-पिता को बुलाकर उसका विद्यालय से नाम कटवा दिया जाएगा।

#### सरपंच ग्रामीणों के साथ विद्यालय पहुंचे

सरपंच राजबीर सिंह मलिक ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिकायत की गई है कि विद्यालय के कुछ विद्यार्थी ठीक से पढ़ाई नहीं कर रहे हैं। ये घर से तो विद्यालय में पढ़ने के लिए आते हैं लेकिन बाहर घूमते रहते हैं। ऐसे में विद्यालय का माहौल खराब हो रहा है और दूसरे विद्यार्थियों पर भी इसका विपरीत असर पड़ रहा है। इसके बाद सरपंच ग्रामीणों के साथ विद्यालय पहुंचे। सरपंच ने कहा कि विद्यार्थियों की आवारागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो विद्यार्थी विद्यालय से बाहर आवारा घूमते रहते हैं उन पर कड़ी नजर रखी जाएगी। विद्यालय शिक्षा ग्रहण करने के लिए है। इसलिए हर विद्यार्थी यहां केवल शिक्षा ग्रहण करने के उद्धेश्य से ही आए। राजबीर सिंह मलिक ने कहा कि कुछ विद्यार्थियों की मनमानी से विद्यालय का माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा। जो विद्यार्थी बार-बार समझाने पर भी नहीं मानेगा उसके माता-पिता को बुलाकर विद्यालय से उसका नाम कटवा दिया जाएगा। सरपंच ने कहा कि विद्यार्थी परीक्षा में नकल के भरोसे न रहें। परीक्षा में नकल नहीं होने दी जाएगी। परीक्षा के समय नकल न हो इसके लिए स्वयं ग्रामीण निगरानी रखेंगे। इस अवसर पर कृष्ण मलिक, नंबरदार दिलबाग, जयसिंह, शमशेर, बिजेंद्र, संदीप व पंच बलवान सहित गांव के अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



गन्नौर। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी छात्र शिक्षकों के साथ।

## बाल भवन स्कूल में अंग्रेजी डिक्लेमेशन प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी डिक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रेरणादायक विषयों पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में कक्षा 11 वीं की पलाक बाटोए ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौंवी के यश छिक्कारा ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा नौवी के जितेन्द्र ने तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने विजयी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी प्रतिभागियों के प्रयासों और उत्साह की प्रशंसा की।

# अंडर-14 स्केट्स बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में रुक्मिणी देवी स्कूल तीसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते प्रधानाचार्य डा. प्रवीन गुप्ता व शिक्षक।

रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल, सोनीपत के प्रांगण में हुई 8वीं स्टेट रोलर स्केट्स बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में अंडर-14 स्केट्स बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में रुक्मिणी देवी स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग की कुल 20 टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन स्किल्स, अनुशासन और टीम भावना के साथ रोमांचक मुकाबले खेले। दर्शकों ने खिलाड़ियों के हर प्रयास पर उत्साहपूर्वक तालियां बजाईं और उनका हौसला बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है।

## लक्षित ने स्केटिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान किया प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय नाथूपुर के कक्षा प्रथम के होनहार छात्र लक्षित ने राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में कैथल अंडर-9 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों के बीच लक्षित ने अपनी मेहनत से विद्यालय तथा क्षेत्र को गौरवान्वित किया। लक्षित को माता-पिता का भी स्कूल में सम्मान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता, निदेशक योगराज भारद्वाज ने विजेता छात्र को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता लक्षित के अनुशासन, परिश्रम और सतत प्रयास का उत्कृष्ट परिणाम है। ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी विद्यालय की वास्तविक शान होते हैं और अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं।



राई। स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज विजेता छात्रों का स्वागत करते ।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### श्री गोवर्धन मठ पुरी के पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज पहुंचें सोनीपत

# 10 मेंढकों को बिना बांधे एक साथ तराजू पर तोलना व्यर्थ है: शंकराचार्य

- शंभूदयाल स्कूल में किया गया आयोजन, श्रद्धालुओं के सवालों का भी दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

श्री गोवर्धन मठ पुरी के पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने अपने प्रवचन में अर्थ, कर्म, धर्म और मोक्ष जैसे जीवन के चार पुरुषार्थों का गहन विवेचन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भोग्य सामग्री को 'अर्थ' कहा गया है, क्योंकि मनुष्य का जीवन केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि सांसारिक आवश्यकताओं के संतुलन पर भी आधारित है।

उन्होंने कहा कि जीवन का उद्देश्य केवल जीविका कमाना नहीं, बल्कि कर्म और धर्म के मार्ग से होते हुए मोक्ष की दिशा में आगे बढ़ना है। जन्म और मृत्यु को उन्होंने जीवन की दो निश्चित अवस्थाएं बताते हुए कहा कि जो इस सत्य को समझ लेता है, वही जीवन को सही दृष्टि से देख पाता है। वीरवार को शंभू दयाल स्कूल में आयोजित इस भव्य धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

श्री जगतगुरु शंकराचार्य स्वागत समिति और शिवाला शंभू दयाल ट्रस्ट सोसाइटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आध्यात्मिक माहौल का ऐसा वातावरण बना जिसने लोगों को चिंतन, मनन और आत्मविश्लेषण की ओर प्रेरित किया।

प्रवचन के बाद प्रश्न–उत्तर सत्र में श्रद्धालुओं ने विविध विषयों पर जिज्ञासा प्रकट की। एक महिला द्वारा वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण पर विचार पूछे जाने पर शंकराचार्य जी ने कहा कि यदि इस विषय पर विस्तृत मत चाहिए, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही उनसे पूछें। यह उत्तर उनकी गंभीरता और विषय की संवेदनशीलता को दर्शाता है। दूसरे प्रश्न में जब एक श्रोता ने संत-संस्थाओं के एक मंच पर न आने का कारण जानना चाहा, तो शंकराचार्य जी ने सटीक उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे हिंदुओं या कथावाचकों की बात छोड़ दें—जैसे बिना बाँधे दस मेंढकों को एक तराजू पर तौलना व्यर्थ है, वैसे ही विभिन्न मतों और उद्देश्यों वाले लोगों को एक साथ लाना सरल नहीं। उन्होंने पुनः दोहराया कि सनातन धर्म की मजबूती एकजुटता में ही निहित है, और यह बात वे कई वर्षों से कह रहे हैं।



सोनीपत। धर्म सभा के दौरान प्रवचन करते हुए शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज।

#### विदेशी एजेंटों ने षड्यंत्रों से भारत में रहते हुए तैयार किया वातावरण

एक प्रशंसक ने शिक्षकों व युवाओं को संदेश देने पर सवाल पूछा तो शंकराचार्य ने कहा कि हर वर्ग को संत की प्रेरणा पर विचार करने की आवश्यकता है। आज चाहे बर्मा, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, पाकिस्तान हो य नेपाल भारत को चारों ओर से घेरकर दिशाहीन करने का प्रयास किया जा रहा है। नरेंद्र मोदी तो सावधान होंगे ही, योगी आदित्यनाथ व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह भी सावधान होंगे। आज हर व्यक्ति को सावधान होने की आवश्यकता है। यह विदेशी एजेंटों ने षड्यंत्रों से भारत में रहते हुए तैयार किया गया वातावरण उपलब्ध है। अब बीच में हैं और हमें चारों ओर से घेर लिया गया है। दर्शन विज्ञान विभाग की ओर से लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।

#### मोदी चाहते हैं राजनैतिक, धार्मिक एवं आध्यात्म का नेतृत्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं राजनैतिक, धार्मिक व आध्यात्म तीनों का नेतृत्व करना चाहते हैं। ऐसा करके वह स्वयं को राजा जनक के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। शंकराचार्य वीरवार को धर्मसभा के दौरान पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उनसे अयोध्या में धर्मध्वजा कार्यक्रम पर ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ब्यान को लेकर सवाल किया गया था। शंकराचार्य ने सवाल पर चुटकी भी ली, उन्होंने कहा कि क्या आप मुझे फंसाना चाहते हैं और नरेंद्र मोदी को बताएंगे। इस दौरान एक प्रशंसक ने सवाल किया कि सनातन धर्म में बड़े-बुजुर्ग मृत्यु उपरांत पितर के रूप में क्या हमें प्रेरणा देते हैं तो शंकराचार्य ने कहा कि आपके सवाल में ही जवाब निहित है।